DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

। संडे नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली । 16 अक्टूबर 2022

NAME OF NEWSPAPERS---------------------------------DATED---------------------

# भलस्वा झील को अब DDA करेगी गुलजार

■ विशेष संवाददाता, नई दिल्ली



मई-2019 में डीडीए ने झीलों को पुनर्जीवित और विकसित करने का काम डीजेबी को दिया था

**एलजी जल बोर्ड के काम से नाखुश, दिसंबर तक झील को नए कलेवर में तैयार करने के आदेश दिए**

एलजी वी. के. सक्सेना ने शनिवार को भलस्वा झील का दौरा किया। उन्होंने यहां चल रहे दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) के कार्यों पर असंतोष प्रकट करते हुए डीडीए को तुरंत झील को ओवरटेक करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आगामी छठ पूजा को देखते हुए झील के किनारों की साफ-सफाई एक हफ्ते में की जाए। मई-2019 से झील को पुनर्जीवित करने का काम डीजेबी कर रही थी। इसके साथ ही झील के बचे हुए काम को नए मिशन के साथ पूरा करने के आदेश भी उन्होंने डीडीए को दिए।

झील के निरीक्षण पर आए एलजी ने इसकी हालत देखकर हैरानी जाहिर की। उन्होंने कहा कि झील 59 एकड़ की है, लेकिन अब यह मृत होने की कगार है। झील सिकुड़कर महज 34 हेक्टेयर की रह गई है। इसमें एजेंसियों की लापरवाही से गाद और कूड़ा बढ़ता जा रहा है। मई-2019 में डीडीए ने झीलों को पुनर्जीवित और विकसित करने का काम डीजेबी को दिया था, लेकिन डीजेबी इस काम को पूरा नहीं कर पाई। जिसके बाद डीडीए इस काम को खुद करेगा। इस निरीक्षण के दौरान उनके साथ डीडीए के वाइस चेयरमैन, एमसीडी के स्पेशल ऑफिसर, डीजेबी के सीईओ और अन्य अधिकारी मौजूद थे।

एलजी ने डीडीए को निर्देश दिए कि छठ पूजा को देखते हुए झील के आसपास साफ-सफाई का काम एक हफ्ते में पूरा करें। साथ ही, उन्होंने निर्देश दिए कि दिसंबर-2022 तक झील में दिख रहे गाद, गंदगी, गोबर, अतिक्रमण आदि को पूरी तरह हटा दिया जाए। झील में इस समय आरसीसी ड्रेन और पाइप लाइन के निर्माण का काम चल रहा है। इस काम से भलस्वा डेयरी और सप्लीमेंट्री ड्रेन से आने वाली गंदगी अलग होगी। इस काम को डीजेबी ने जनवरी-2022 में शुरू करवाया था जिसे चार महीने में पूरा होना था। लेकिन यह काम भी पूरा नहीं हुआ है, इसलिए इस काम को भी दिसंबर-2022 तक पूरा करने का एलजी ने निर्देश दिया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने झील के आसपास दिल्ली टूरिज्म की बोट को भी देखा। यह यहां स्टोर की गई हैं। इन बोट के अंदर पानी जमा हो गया है। उन्होंने कहा कि यह डेंगू जैसी बीमारियों को बढ़ा सकता है। इसलिए इस डंप को भी जल्द से जल्द यहां से हटाएं।

दैनिक जागरण
नई दिल्ली, 15 अक्टूबर, 2022

# राजधानी की सड़कों को एक सप्ताह में गड्ढा मुक्त कराए पीडब्ल्यूडी : सिसोदिया



किराड़ी 70 फुटा रोड की जर्जर सड़क ● जागरण

राज्य ब्यूरो, नई दिल्ली: दिल्ली सरकार लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के अंतर्गत आने वाली सभी सड़कों को एक सप्ताह के अंदर गड्ढा मुक्त करेगी। पिछले दिनों हुई अप्रत्याशित वर्षा के कारण सड़कों को काफी नुकसान हुआ है। इसे देखते हुए सरकार ने निर्णय लिया है कि आमजन को आवाजाही में समस्या न आए। इसलिए जल्द से जल्द सड़कों को गड्ढा मुक्त किया जाए व बाकी जरूरी मरम्मत भी की जाए। उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने शुक्रवार को पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने जोन के अंतर्गत आने वाली सभी सड़कों का निरीक्षण करें व जरूरत के अनुसार मरम्मत करवाएं। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को इस बाबत रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए।

सिसोदिया ने कहा कि पिछले दो हफ्तों के दौरान दिल्ली में भारी वर्षा हुई है जिसके परिणामस्वरूप सड़कों को काफी नुकसान हुआ है। दिल्ली में लगभग 1400 किमी सड़क का विस्तार पीडब्ल्यूडी के अंतर्गत है और बाकी सभी सड़कें दिल्ली नगर निगम, डीडीए, नई दिल्ली नगरपालिका परिषद आदि के पास हैं। ऐसे में जिन सड़कों को मजबूत बनाए रखने की जिम्मेदारी पीडब्ल्यूडी की है, उन्हें बेहतर बनाए रखने के लिए दिल्ली सरकार प्रतिबद्ध है।

स्वागतयोग्य पहल >> संपादकीय

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NE

SUNDAY TIMES OF INDIA, NEW DELHI
OCTOBER 16, 2022

# LG asks agencies to finish Bhalswa lake work by Dec

TIMES NEWS NETWORK



The Bhalswa lake has now shrunk to 34 hectares from 59 heactares

**New Delhi:** Lieutenant governor VK Saxena on Saturday instructed Delhi Development Authority officials to clean the banks of Bhalswa lake within a week in view of Chhath Puja celebrations. The LG also asked the agencies concerned to complete the rejuvenation of the lake by December this year.

Located in north-west Delhi, the lake was originally spread over 59 hectares but shrunk to just 34 ha due to the deposition of silt and garbage. Officials said that DDA had handed over the waterbody to Delhi Jal Board for its restoration and rejuvenation in May 2019, but little work was done for its improvement. "The LG expressed his deep disappointment at the sordid and pathetic state of maintenance and upkeep of the lake by DJB, the designated agency in-charge for its rejuvenation. He has directed DDA to immediately undertake the cleaning of the banks of the lake in preparation for the upcoming Chhath festival and instructed all stakeholder agencies to start work on the complete restoration and rejuvenation of the lake in a mission mode," said an official.

DDA has been asked to clean the periphery of the lake within a week and build a boundary wall segregating the waterbody from the adjoining Bhalswa Dairy on the western periphery within a month.

Dismayed at the visible islands of silt, sludge, dung and garbage encroaching the lake, the LG also directed for dredging and their removal by December.

Officials said another critical aspect of rejuvenation and restoration of the lake was construction of a precast RCC drain and pipeline for segregating the waste from the dairy and carrying the sewerage to the supplementary drain across the lake. "The construction of the same was awarded by DJB in January 2022 with a completion period of four months, but it has yet to be completed. The LG has given a deadline of December to complete it," said another official.

The municipal corporation has started a project in Narela for biomethanation of cow dung collected from Bhalswa Dairy and the LG directed the officials to complete it at the earliest.

Sunday Hindustan Times

# Restore Bhalswa lake by Dec: LG

**HT Correspondent**
letters@hindustantimes.com

**NEW DELHI:** Lieutenant governor VK Saxena on Saturday inspected Bhalswa lake in north-west Delhi and directed agencies to complete the rejuvenation of the waterbody by December. Saxena also ordered that the lake's periphery be cleaned within a week in preparation for the Chhath festival later this month.

The LG secretariat, in an official statement, said Saxena has expressed his "deep disappointment" at the state of the maintenance and upkeep of the lake by the Delhi Jal Board (DJB), the designated agency in-charge for rejuvenation of the waterbody since May 2019.

"DDA has been directed to immediately undertake the cleaning of the banks of the lake in preparation for the forthcoming Chhath festival and instructed all stakeholder agencies to parallelly start work on the complete restoration and rejuvenation of the lake in a mission mode," the statement said.

The DJB and the Delhi government did not officially respond to Saxena's criticisms. However, an official privy to the restoration project, on condition of anonymity, said the DJB's work does not pertain to cleaning garbage on its banks.

"We were granted a no-objection certificate for only removal of cow dung in the lake and building an interceptor line to tap incoming cow dung from the nearby dairy colony. The landscaping and cleaning work does not come under DJB. We went beyond the mandate to improve the water quality levels and are now being blamed for things we were not responsible for," the official said.

The Bhalswa lake has, over the decades, reduced significantly in size due to the nearby landfill and the surrounding dairy colonies, and the regular dumping of garbage and dairy waste into the lake has severely polluted its waters.

THE SUNDAY EXPRESS, OCTOBER 16, 2022

# L-G flags 'sordid' state of Bhalswa lake

**EXPRESS NEWS SERVICE**
NEW DELHI, OCTOBER 15

FOLLOWING HIS visit to Bhalswa lake in Northwest Delhi, L-G Vinai Kumar Saxena expressed disappointment over its maintenance, restoration and rejuvenation work. He has directed officials to ensure complete restoration of the water body by December.

Calling the lake an asset to the capital, he said he was disillusioned by the "sordid and pathetic state of maintenance and upkeep" of the lake by the Delhi Jal Board, the designated agency in charge of its rejuvenation since May 2019, said the L-G office in a statement.

The L-G has also directed the Delhi Development Authority to immediately undertake cleaning of the banks of the lake ahead of the forthcoming Chhath festival and instructed all stakeholder agencies to start work on the restoration in tandem.

**DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY**
**LIBRARY**
**PRESS CLIPPING SERVICE**

NAME OF NEWSPAPERS--- SUNDAY TIMES OF INDIA, NEW DELHI -----DATED--- OCTOBER 16, 2022

# Good turnout for nature event, DDA plans activities for year

Vibha.Sharma@timesgroup.com

**New Delhi:** Delhi Development Authority and World Wildlife Fund have teamed up for the first time to impart nature-based learning through a series of activities at Sanjay Van. In the first leg, a three-month exercise that started on October 1, are activities such as dragonfly walk, butterfly walk, dragonfly census, photography workshop, tree census, bird census and a clean-up drive.

"We made arrangements for 25-30 registered participants in each session, but we are already receiving too many applications. We want to clarify that DDA plans to continue with the activities throughout the year season-wise," said an official.

DDA officials said that the activities and trails were different from nature walks organised in other urbanised forests in the city. "It involves learning, exploring nature and participating in interesting activities such as a census of dragonflies and butterflies. The best part is that the WWF-engaged team of experts will discuss the ecology, including why particular plants and species are present in the forest," said a DDA official who is part of the nature trails and activities at Sanjay Van.

Radhika Suri, environment director, WWF, said, "Given the reserve forest's rich diversity of flora and fauna, its status as home to a number of birds, reptiles, butterflies, mammals, etc. and its pristine character, visiting the Sanjay Van becomes even more interesting. The exercise aims to promote the partnership of citizens in preserving city forests and animals and to encourage nature-based learning."



During a three-month exercise in the first leg, which started on Oct 1, Delhi Development Authority and World Wildlife Fund have planned various activities



On Sunday, October 16, a workshop on butterflies will be organised, followed by a walk led by an expert to observe the different species of butterflies. On October 24, DDA will organise a dragonfly 'bioblitz', a census to observe the different species of dragonflies and damselflies found in the notified reserved forest.

"For scientific study, participants can carry out a census of a species on a particular day. The data collected by the citizens will be uploaded on the India Biodiversity portal and it can be used by the scientific community. This is one of the many ways we plan to keep people engaged," said Suri.

The last activity of this month will be a clean-up drive with a group of volunteers. A butterfly walk, which will be led by an expert, to observe different species of butterflies found in the area will also be held in November. A photography workshop on how to capture nature and biodiversity will be conducted by an expert on November 12. On November 26, there will be a tree walk with an expert identifying the tree species in the forest. This will be followed by a census to observe and take photographs of different tree barks and species.

A bird census will be held on all weekends in December to observe different species of birds at a time when the migratory birds also arrive. "Actually, Delhi sees a big migration of birds in November-December. So we will hold our workshop for people to learn about the different birds varieties in detail," said Suri. A workshop on birds will be held on December 17, followed by a bird walk the next day.

# 15-yr-old boy drowns in pit in SE Delhi

TIMES NEWS NETWORK

**New Delhi:** A 15-year-old boy died of suspected drowning in a pit full of water where he had apparently gone for a swim in southeast Delhi's Kalindi Kunj area on Friday. Police are probing the matter, senior officers said.

Last Thursday, three teenage boys had allegedly drowned in a pit at Kaya Maya Park, which also falls in the same district. The pit in the park was filled due to the rains. Delhi Development Authority had also deployed a guard later at the park.

According to police, a call was received at Kalindi Kunj police station reporting that a boy who had gone to swim in the pit was missing. "A police team reached the spot near Lohia Bridge, Agra Canal Road. A rescue team was called and finally, the boy was found lying in the pit unconscious. A team of divers pulled out the boy and he was immediately sent to AIIMS Hospital where the doctors declared him brought dead," a senior police officer said.

Police said the body has been preserved at the mortuary of AIIMS Trauma Centre for postmortem examination.

A day after three youngsters drowned in a pit at Kaya Maya Park in Pul Prahladpur, **TOI** had found the spot unguarded on Friday. It also saw that the pit was easily accessible and there was nothing to stop one from entering the park. Schoolchildren playing there claimed that some kids had drowned at the site earlier too.

# DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
## LIBRARY
## PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS----- दैनिक जागरण नई दिल्ली, 16 अक्टूबर, 2022 ----------DATED--------------------

# एक सप्ताह में भलस्वा झील की सफाई करे डीडीए : एलजी



भलस्वा झील का मुआयना करते हुए वीके सक्सेना ● सौजन्यः उपराज्यपाल कार्यालय

जागरण संवाददाता, बाहरी दिल्ली : उपराज्यपाल (एलजी) वीके सक्सेना ने शनिवार को उत्तर-पश्चिम दिल्ली में भलस्वा झील का दौरा किया। उन्होंने झील को राजधानी के लिए अमूल्य संपत्ति बताया, लेकिन इसकी दयनीय स्थिति पर निराशा भी जताई। उन्होंने दिल्ली जल बोर्ड को झील के रखरखाव पर ध्यान देने के साथ ही दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) को छठ पूजा के लिए झील की सफाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित एजेंसियों

**दयनीय हालत पर जताई चिंता, छठ पूजा के लिए एक सप्ताह के अंदर झील की परिधि की सफाई के दिए निर्देश**

को झील के पूर्ण जीर्णोद्धार व कायाकल्प के लिए समानांतर रूप से काम शुरू करने का निर्देश दिए।

एलजी ने कहा कि यह जल निकाय राष्ट्रीय राजधानी के पर्यावरण और सौंदर्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, लेकिन इसको लेकर लापरवाही बरती जा रही है। इसी वजह से 59 हेक्टेयर में फैला यह झील क्षेत्र आज मात्र 34 हेक्टेयर में सिमट गया है। उन्होंने ध्यान दिलाया कि मई 2019 में डीडीए की ओर से झील के जीर्णोद्धार और कायाकल्प का काम जल बोर्ड को सौंपा गया था, लेकिन इस काम में उसकी विफलता साबित होने पर डीडीए ने फिर से रखरखाव का काम शुरू किया। उन्हें नाव और फ्लोट्स में भी गंदगी भरी मिली। इस दौरान डीडीए और जल बोर्ड के संबंधित विभागों के अधिकारी भी उपस्थित थे।

# दिसंबर तक चालू होगा नेहरू प्लेस स्काईवाक, जाम से मिलेगी निजात

- स्काईवाक बन जाने से नेहरू प्लेस मार्केट से सीधे पहुंचा जा सकेगा मेट्रो स्टेशन
- पहले लाकडाउन और फिर प्रदूषण से निर्माण पर रोक के कारण रुका रहा था काम



« नेहरू प्लेस पर बन रहे स्काईवाक के पिलर का काम हुआ पूरा ● जागरण

जागरण संवाददाता, दक्षिणी दिल्ली : नेहरू प्लेस डिस्ट्रिक्ट सेंटर को नेहरू प्लेस मेट्रो स्टेशन (वायलेट लाइन) से जोड़ने के लिए बनाए जा रहे स्काईवाक का काम दिसंबर तक पूरा हो जाने की उम्मीद है। इसके चालू होने से यातायात जाम की समस्या का समाधान हो जाएगा। मार्केट से मेट्रो स्टेशन जाने के लिए लोग सड़क पार करने की बजाय सीधे स्काईवाक से आ-जा सकेंगे। प्रोजेक्ट से जुड़े एक अधिकारी ने बताया कि दिसंबर तक इसे चालू कर दिया जाएगा। नेहरू प्लेस के सुंदरीकरण परियोजना के तहत स्काईवाक डीडीए द्वारा बनवाया जा रहा है।

अभी नेहरू प्लेस डिस्ट्रिक्ट सेंटर से नेहरू प्लेस मेट्रो स्टेशन आने-जाने के लिए लोगों को सड़क और डिवाइडर पार करना पड़ता है। इससे यहां जाम लगता है। इसीलिए मार्केट व मेट्रो स्टेशन को जोड़ने के लिए यह स्काईवाक बनाया जा रहा है। लोग सड़क पारकर सीधे मेट्रो स्टेशन आ-जा सकेंगे। इसके बन जाने के बाद सड़क के डिवाइडर को ऊंचा करके उसमें पौधे लगाए जाएंगे। दरअसल, स्काईवाक का काम शुरू होने के कुछ ही दिन बाद लाकडाउन लग गया था। श्रमिकों की कमी, फिर प्रदूषण के कारण लगी निर्माण कार्यों पर रोक के कारण यह प्रोजेक्ट काफी लेट हो गया। स्काईवाक के पिलर्स के नीचे बिजली की केबल आ जाने के कारण भी काम में देरी हुई।

हिन्दुस्तान
नई दिल्ली, रविवार, 16 अक्तूबर 2022

# झील के किनारों को साफ करें : एलजी

**निर्देश**

नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता। उपराज्यपाल विनय सक्सेना ने शनिवार को भलस्वा झील का मुआयना किया। उन्होंने दिल्ली जल बोर्ड को सौंपे गए इसके रखरखाव, जीर्णोद्धार और कायाकल्प कार्यों को लेकर निराशा जाहिर की।

एलजी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि दिसंबर माह तक यहां जल निकाय की पूर्ण बहाली और कायाकल्प को सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने डीडीए अधिकारियों को निर्देश दिया कि एक सप्ताह के भीतर झील के किनारों की सफाई कर इसे छठ पूजा के लिए तैयार किया जाए।



● वी के सक्सेना, उपराज्यपाल

भलस्वा झील का मुआयना करने पहुंचे उपराज्यपाल ने इस झील को राजधानी के लिए एक अमूल्य संपत्ति बताया।

उन्होंने झील के कायाकल्प के लिए मई 2019 से नामित एजेंसी दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) द्वारा इसके रखरखाव की खराब और दयनीय स्थिति पर निराशा जताई। उन्होंने इस बात पर हैरानी जताई कि 59 हेक्टेयर में फैले इस जल निकाय को मरने के लिए छोड़ दिया गया जो राष्ट्रीय राजधानी के पर्यावरण और सौंदर्यशास्त्र के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। संबंधित एजेंसियों की उपेक्षा के चलते गाद और कचरा जमा होने से यह क्षेत्र सिकुड़ कर अब केवल 34 हेक्टेयर रह गया है। इस अवसर पर डीडीए उपाध्यक्ष, निगम के विशेष अधिकारी, दिल्ली जल बोर्ड के सीईओ सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। उन्होंने डीडीए अधिकारियों को झील के किनारों की सफाई तुरंत करने का निर्देश दिया ताकि वहां पर छठ पूजा हो सके।

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE



# Riot of colour: Nearly 6,000 butterflies spotted at Delhi's 7 biodiversity parks

Priyangi.Agarwal
@timesgroup.com

## BUZZING WITH ACTIVITY

### SPECIES SPOTTED DURING BUTTERFLY ASSESSMENT WEEK

| | | 2017 | 2018 | 2019 | 2020 | 2021 | 2022 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Yamuna Biodiversity Park | 42 | 46 | 42 | 30 | 58 | 47 |
| 2 | Aravalli Biodiversity Park | 40 | 54 | -- | 56 | 62 | 68 |
| 3 | Neela Hauz Biodiversity Park | 17 | 21 | -- | -- | 23 | 28 |
| 4 | Northern Ridge | 38 | 36 | 34 | 33 | 50 | 59 |
| 5 | Tilpath Valley Biodiversity Park | 26 | 32 | 28 | 22 | 47 | 41 |
| 6 | Tughlaqabad Biodiversity Park | 39 | 43 | 42 | 41 | 51 | 37 |
| 7 | Kalindi Biodiversity Park | --- | --- | --- | 12 | 17 | 12 |



Rose butterfly





Lemon pansy


Blue tiger

A total of **5,922** butterflies of **76 species** from all five butterfly families of India were seen in DDA biodiversity parks

In 2021, **71 species** of butterflies were found in these parks

**Common sightings |** Mottled emigrant, common emigrant, plain tiger, yellow orange tip, common grass yellow, striped tiger, small grass yellow, lemon pansy, lime butterfly and common gull

**Important sightings |** Common shot silverline, painted lady, common rose, blue tiger, Indian skipper and parnara swift


Painted lady


Common jay

**New Delhi:** A total of 5,922 butterflies of 76 species of all five families of India were detected in the national capital's seven biodiversity parks, mostly at Aravalli Biodiversity Park, during the assessment week conducted from October 10 to 16.

It was observed that butterflies became active after 10.30am when the temperature rose above 24 degrees Celsius. With 68 species, Aravalli Biodiversity Park saw the highest species density, while the lowest (12 species) was found at Kalindi Biodiversity Park.

Compared with 2021, Yamuna, Tughlaqabad and Tilpath Valley saw a decrease in species density, while the other four biodiversity parks witnessed an increase. Adult butterflies were seen sun-basking, mud-puddling and mating in their specialised habitats developed in these parks. Their larvae and eggs were also observed on the host plants.

The trends in the patterns of butterfly diversity of the past five years didn't show much change despite changing weather patterns. "It was observed that despite this year's inconsistent weather pattern and erratic rainfall, the butterfly density, diversity and activities were sustainable. The stable population indicated that the mosaic of habitats and diverse microhabitats of the biodiversity parks acted as a safe refuge for butterfly species, showing effective resilience to climate change," said Faiyaz Khudsar, scientist in-charge, biodiversity parks programme.

Khudsar added that the characteristics of floodplain grasslands of Yamuna Biodiversity Park acted as an ideal habitat for the skipper group of butterflies, while the dense canopy of restored forest communities in Aravalli Hill ranges were now home to a variety of butterflies.

Scientists at biodiversity parks said Delhi had two well-defined habitats in the form of the arid xerophytic Aravalli Ridge and mesophotic Yamuna floodplain. Such habitat heterogeneity accounts for high faunal diversity, including butterflies, in the highly urbanised area.

Butterflies play an important role in the environment. "They act as indicator species to identify critical habitats and need to be protected. They also indicate a variation in local climate and environmental degradation. These important ecological indicators can be utilised to prioritise various conservation projects," said Khudsar.

The commonly spotted butterflies were Mottled emigrant, Common emigrant, Plain tiger, Yellow orange tip, Common grass yellow, Striped tiger, Small grass yellow, Lemon pansy, Lime butterfly and Common gull. However, the most distinguished species sighted included Common shot silverline, Painted lady, common rose, Blue tiger, Indian skipper and Parnara Swift.

# DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
## LIBRARY
## PRESS CLIPPING SERVICE

नई दिल्ली
सोमवार
17 अक्तूबर 2022

NAME OF NEWSPAPERS--- हिन्दुस्तान ----------DATED---


**सर्वे** | पार्कों में सात दिन तक हुई गणना कार्यक्रम के बाद आया परिणाम, पिछले साल की तुलना में इस बार पांच प्रजातियां ज्यादा रिकॉर्ड की गईं

# जैव विविधता पार्कों में 76 किस्म की तितलियां मिलीं

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** राजधानी दिल्ली में डीडीए के सात जैव विविधता पार्कों में 76 किस्म की तितलियां रहती हैं। पार्कों में सात दिन तक चले गणना कार्यक्रम के बाद इसका खुलासा किया गया। पिछले साल की तुलना में इस बार तितलियों की पांच प्रजातियां ज्यादा रिकार्ड की गई हैं।

दिल्ली विकास प्राधिकरण द्वारा सात अलग-अलग जगहों पर जैव विविधता पार्क का निर्माण किया गया है। जहां पर पारिस्थितिक तंत्र को पुनर्जीवित करने का प्रयास किया जा रहा है। इसके नतीजे भी अब सामने आने लगे हैं। जहां एक तरफ इन पार्कों में हरियाली बढ़ी है, वहीं वन्यजीव भी पहले से ज्यादा दिखने लगे हैं। सातों पार्कों में 10 से 16 अक्तूबर तक तितली गणना का कार्यक्रम संचालित किया गया। इस दौरान सुबह दस बजे से बारह बजे के बीच अलग-अलग टीमों द्वारा तितलियों का रिकार्ड दर्ज किया गया।

पिछले साल सातों पार्कों में कुल 71 प्रजाति की तितलियां देखी गई थीं। इस बार कुल 76 प्रजाति की तितलियां देखी गई हैं। अरावली जैव विविधता पार्क में सबसे ज्यादा 68 प्रजातियों का रिकार्ड दर्ज किया गया है।

### कहां कितनी प्रजातियां मिलीं

| | |
|---|---|
| यमुना जैव विविधता पार्क | 47 |
| अरावली बायोडायवर्सिटी पार्क | 68 |
| नीला हौज | 28 |
| नार्दर्न रिज | 59 |
| तिलपथ वैली जैव विविधता पार्क | 41 |
| तुगलकाबाद जैव विविधता पार्क | 37 |
| कालिंदी जैव विविधता पार्क | 12 |



"जैव विविधता पार्कों में ऐसे पारिस्थितिक तंत्र का निर्माण हो रहा है, जो जलवायु परिवर्तन के दौरान भी जंतुओं को बेहतर पर्यावास मुहैया कराता है।"
–फैयाज ए. खुदसर, वैज्ञानिक प्रमुख, जैव विविधता पार्क कार्यक्रम

**कौन-कौन से हैं पार्क :** यमुना जैव विविधता पार्क, अरावली जैव विविधता पार्क, नीला हौज, नार्दर्न रिज, तिलपथ वैली तुगलकाबाद और कालिंदी जैव विविधता पार्क में तितली गणना की गई।

**सबसे ज्यादा दिखीं ये तितलियां :** तितली गणना कार्यक्रम के दौरान मोटल्ड ईमीग्रेंट, कॉमन ईमीग्रेंट, प्लेन टाइगर, येलो ओरेंज टिप, कॉमन ग्रास येलो, स्ट्राइप्ड टाइगर, स्माल ग्रास येलो, लेमन पैंजी, लाइम बटरफ्लाई और कॉमन गल प्रजाति की तितलियां सबसे ज्यादा दिखीं।

**क्यों महत्वपूर्ण है तितली गणना :** तितलियां बहुत सारे पेड़-पौधों का परागण करती हैं। पौधों का जीवन चक्र इनके ऊपर निर्भर रहता है। इसलिए तितलियों की संख्या अच्छे पर्यावरण का संकेतक माना जाता है।


। नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली । शनिवार, 15 अक्टूबर 2022


# द्वारका समेत नरेला और रोहिणी में बनेगा इंटीग्रेटेड स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स

■ विशेष संवाददाता, नई दिल्ली

द्वारका में बन रहे पहले इंटीग्रेटेड स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के लिए डीडीए ने इंडिपेंडेंट इंजीनियरिंग कंसल्टेंट रखने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) के तहत बन रहे इस स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के लिए इंडिपेंडेंट इंजीनियरिंग कंसल्टेंट रखने के लिए बिड आमंत्रित की गई है। इसके साथ ही डीडीए ने नरेला और रोहिणी में भी इसी तरह की सुविधा विकसित करने के लिए बिड आमंत्रित की है।

**डीडीए ने इंडिपेंडेंट इंजीनियरिंग कंसल्टेंट के लिए टेंडर निकाले**

डीडीए के अनुसार द्वारका की तरह की इंटीग्रेटेड स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स रोहिणी और नरेला में भी विकसित करने की प्लानिंग हो चुकी है। इसके लिए कंसल्टेंट रखने की प्रक्रिया शुरू की गई है। अधिकारी के अनुसार इन दोनों प्रोजेक्ट की लागत करीब 207 करोड़ होगी। कंसल्टेंट इस प्रोजेक्ट के लिए स्टडी करेंगे। इस प्रोजेक्ट से कितने लोगों को लाभ मिलेगा, इस प्रोजेक्ट की कितनी डिमांड है, इसका विकास किस तरह होगा, इसके लिए आंकलन और सर्वे किए जाएंगे। इस पूरे काम के लिए प्रोजेक्ट की मैपिंग होगी। जिसमें मौजूद स्पोर्ट्स और रिक्रिएशन सुविधाओं के ब्योरे के साथ यहां मौजूद बुनियादी संसाधनों, लागत व अन्य जानकारियां शामिल होंगी। तीनों प्रोजेक्ट पर अगले साल तक काम शुरू होने की संभावना है।

### आने वाले तीन सालों में पूरा होगा इसका काम

**51 एकड़ में बनने वाले इस स्टेट ऑफ द आर्ट स्पोर्ट्स फैसिलिटी को बनाने और देखरेख करने का काम 30 सालों के लिए ओमेक्स लिमिटेड करेगा। 350 करोड़ के इस प्रोजेक्ट में 6.4 लाख स्क्वॉयर फुट में स्पोर्ट्स सुविधाएं उपलब्ध होंगी। आने वाले तीन सालों में यह पूरा होगा। यहां पर कमर्शल गतिविधियां जैसे होटल, व्यावसायिक और ऑफिस की जगह जैसी सुविधाएं भी होंगी।**

**DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY**
**LIBRARY**
**PRESS CLIPPING SERVICE**

Hindustan Times
NEW DELHI
MONDAY
OCTOBER 17, 2022



The common rose butterfly. HT PHOTO

{ BUTTERFLY CENSUS } 78 SPECIES RECORDED

# Seven more species recorded this year in biodiversity parks

Jasjeev Gandhiok
jasjeev.gandhiok@hindustantimes.com

**NEW DELHI:** A total of 76 different butterfly species have been recorded across Delhi's seven biodiversity parks during a one-week long census, with the Aravalli Biodiversity Park (ABP) in Vasant Kunj reporting the highest number of species (68), followed by the Kamla Nehru Ridge, where 59 different species were recorded, according to officials aware of the census details.

Last year, 71 different species were spotted during the census, officials added.

The Biodiversity Parks Programme began the week-long census of butterflies species across seven biodiversity parks in Delhi last year onwards. Earlier, there used to be a single-day Big Butterfly Count.

Delhi has seven biodiversity parks that are managed by the Delhi Development Authority (DDA) – Aravalli Biodiversity Park (ABP), Yamuna Biodiversity Park (YBP), Neela Hauz Biodiversity Park, Kamla Nehru Biodiversity Park, Tilpath Valley Biodiversity Park, Kalindi Biodiversity Park and Tughalakabad Biodiversity Park.

Faiyaz Khudsar, scientist-in-charge at YBP, said 5,922 members from 76 species of butterflies were spotted across the parks. Most of them were from mottled emigrant, common emigrant, plain tiger, yellow orange tip, common grass yellow, striped tiger, small grass yellow, lemon pansy, lime butterfly and common gull.

The most interesting sightings meanwhile, according to Khudsar, were the common shot silverline, the painted lady, common rose, blue tiger, Indian skipper and the parnara swift. "The butterfly assessment for 2022 shows that DDA's Biodiversity Parks have become a rich habitat for butterflies. Despite inconsistent weather pattern and erratic rainfall this year, the number of butterfly species and their density across the park have not dwindled," said Khudsar.

The week-long exercise was held from October 10-16, with teams setting out across the seven biodiversity each day from 10am to 12noon. These consisted of 15 groups across seven parks, each consisting of two to five butterfly observers who would walk a pre-specified path to identify, count, enumerate and photographically document the sightings of butterflies.

Aisha Sultana, scientist at ABP, which recorded the most number of butterflies, said biodiversity hubs in south Delhi has seen more diversity as compared to the other parks. "At ABP, we were able to spot the common rose, the common shot silverline and several blues, which is commonly referred to a sub-family of butterflies with a blue hue or colour to them," she said.

This year's Big Butterfly Count, which is also held across NCR, excluding the seven biodiversity parks, recorded 67 species this year. The count was held from September 1-30.

। नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली । सोमवार, 17 अक्टूबर 2022

रास्ता मिलने से नजफगढ़ से द्वारका और गुड़गांव आना-जाना होगा आसान

# यूईआर-2 के तहत नजफगढ़ में बन रहे फ्लाईओवर पर एंट्री/एग्जिट की मांग

■ विशेष संवाददाता, नजफगढ़

**अर्बन एक्सटेंशन** रोड 2 (यूईआर-2) के तहत नजफगढ़ में बन रहे फ्लाईओवर पर अब स्थानीय लोगों ने एंट्री/एग्जिट दिए जाने की मांग की है। लोगों ने कहा कि अगर इस फ्लाईओवर पर नजफगढ़ रोड से एंट्री/एग्जिट मिल जाए तो काफी हद तक लोगों को जाम से राहत मिलेगी। नजफगढ़ के लोगों को द्वारका और गुड़गांव आने जाने में आसानी होगी। लोगों की इस मांग के बाद सांसद प्रवेश वर्मा ने भी एनएचएआई को लेटर लिख इस बारे में संभावनाएं तलाशने को कहा है।

नजफगढ़ फिरनी रोड पर हर समय जाम लगा रहता है। ट्रैफिक पुलिस ने यहां जाम की समस्या को कम करने के लिए वन-वे भी लागू किया है लेकिन लोगों को जाम से राहत नहीं मिलती है। पीक आवर्स के समय जो चंद किलोमीटर की दूरी घंटों में तय होती है। ऐसे में अब यूईआर-2 (तीसरी रिंग रोड) के तहत एक फ्लाईओवर नजफगढ़ से गुजर रहा है। लोगों को इस फ्लाईओवर में उम्मीद की किरण दिख रही है।



अभी चल रहा है पिलर बनाने का काम

लिट्रेसी इंडिया फाउंडेशन के भरत ने बताया कि तीसरी रिंग रोड के तहत नजफगढ़ के साईं बाबा मंदिर के पास से गुजर रहे इस फ्लाईओवर के लिए अभी पिलर खड़े करने का काम चल रहा है। लेकिन इस फ्लाईओवर पर चढ़ने या उतरने के लिए नजफगढ़ से कोई रास्ता या लूप नहीं है। ऐसे में फाउंडेशन की तरफ से सांसद प्रवेश वर्मा से इस मसले पर पहल करने के लिए कहा गया था।

वहीं नजफगढ़ विकास मंच के जनरल सेक्रेटरी राजपाल गुलिया ने भी इस बावत मांग की है। उन्होंने रोड ट्रांसपोर्ट मिनिस्टर नितिन गडकरी को पत्र लिखते हुए मांग की है कि एनएच-344 एम (तीसरी रिंग रोड) को नजफगढ़ से एंट्री एग्जिट का रास्ता दिया जाए।

- लोगों की मांग पर सांसद प्रवेश वर्मा ने एनएचएआई को लिखी चिट्ठी, कहा- संभावनाएं तलाशें
- नजफगढ़ फिरनी रोड पर हर समय लगने वाले जाम से परेशान हैं स्थानीय लोग

### क्या है यूईआर-2

यूईआर-2 प्रोजक्ट दिल्ली मास्टर प्लान 2041 में तीसरे रिंग रोड के हिस्से के तौर पर डीडीए की योजना है। इस प्रोजक्ट पर एनएचएआई काम कर रही है। पश्चिमी-दक्षिणी दिल्ली, आईजीआई एयरपोर्ट और गुड़गांव के लोग यूईआर-2 के जरिए एनएच-44 पर आसानी से पहुंच जाएंगे। यह एक्सेस-कंट्रोल्ड एक्सप्रेसवे अलीपुर के बांकोली गांव से शुरू होकर औद्योगिक क्षेत्र रोहिणी, मुंडका, बक्करवाला, नजफगढ़ और द्वारका से होते हुए एनएच-2 से होकर गुजरेगा। दिल्ली के बवाना औद्योगिक क्षेत्र से इसकी पहली चार लेन की रोड शुरू होगी और यह हरियाणा के सोनीपत के गांव बड़वासणी में एनएच-352 ए तक जाएगी। इसके बाद वाली छह लेन रोड बक्करवाला से शुरू होकर हरियाणा के बहादुरगढ़ बाईपास के पास एनएच-10 तक जाएगी।

**DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY**
**LIBRARY**
**PRESS CLIPPING SERVICE**

15 अक्टूबर • 2022 राष्ट्रीय सहारा

# एक हफ्ते में गड्ढामुक्त होंगी राजधानी की सड़कें : सिसोदिया

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

**नई दिल्ली।**

उप-मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा है कि राजधानी की सड़कें सप्ताह भर में गड्ढा मुक्त हो जाएंगी। पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को आदेश दे दिए गए हैं। बीते दो सप्ताह में दिल्ली में अप्रत्याशित बारिश हुई है और इससे सड़कों को काफी नुकसान पहुंचा है। जल्द सड़कों की मरम्मत का कार्य शुरू हो जाएगा। अधिकारियों को सप्ताह भर में रिपोर्ट सौंपने का कहा है।



**पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों से मांगी रिपोर्ट**

उप-मुख्यमंत्री ने कहा है कि आवाजाही के दौरान लोगों को सड़कों पर किसी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए जल्द से जल्द सड़कों को गड्ढा मुक्त किया जाएगा। पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को अपने-अपने अधिकार क्षेत्र की सड़कों का निरीक्षण कर सप्ताह भर में स्टेटस रिपोर्ट सौपने के निर्देश दे दिए गए हैं। सिसोदिया के मुताबिक दिल्ली की करीब 1400 किलोमीटर सड़के पीडब्ल्यूडी के अधीन हैं। जबकि बाकी सड़कें एमसीडी, डीडीए, एनडीएमसी, एनएचएआई के अधीन हैं। पीडब्ल्यूडी की सड़कों को दिल्ली सरकार मजबूत करेगी। उन्होंने कहा कि पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को निर्देश दे दिए गए हैं कि सभी सड़कों के रख-रखाव का काम तेज करें। उन्होंने यह भी कहा कि पीडब्ल्यूडी के अधिकारी लगातार काम कर रहे हैं।

पंजाब केसरी ▸ 15 अक्तूबर, 2022 ▸ शनिवार

# सप्ताहभर में गड्ढा मुक्त होंगी दिल्ली की सड़कें: सिसोदिया

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): केजरीवाल सरकार दिल्ली में लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के अंतर्गत आने वाली सभी सड़कों को सप्ताहभर के अंदर गड्ढा-मुक्त करेगी। पिछले 2 हफ्तों में दिल्ली में हुई अप्रत्याशित बारिश के कारण सड़कों को काफी नुकसान हुआ। इसे देखते हुए सरकार ने निर्णय लिया है कि आम जनता को आवाजाही में किसी भी प्रकार की समस्या न आए इसलिए जल्द से जल्द सड़कों को गड्ढामुक्त किया जाए व बाकि जरुरी मरम्मत भी कर जाये। इस बाबत उपमुख्यमंत्री व पीडब्ल्यूडी मंत्री मनीष सिसोदिया ने पीडब्ल्यूडी के उच्चाधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने जोन के अंतर्गत आने वाली सभी सड़कों का निरीक्षण करें व जरुरत के अनुसार उसकी मरम्मत करवाएं, साथ ही पीडब्ल्यूडी मंत्री ने अधिकारियों को इस बाबत सप्ताह भर में स्टेटस रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए।

**सिसोदिया ने दिये पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को निर्देश**

पीडब्ल्यूडी मंत्री ने कहा कि पिछले दो हफ्तों के दौरान दिल्ली में भारी बारिश हुई है जिसके परिणामस्वरूप सड़कों को काफी नुकसान हुआ हैं व पीडब्ल्यूडी के कई सड़कों पर गड्ढे हो गए हैं, जिससे जनता को आवाजाही करने में काफी असुविधा हो रही है। उन्होंने बताया कि दिल्ली में लगभग 1400 किमी सड़क का विस्तार पीडब्ल्यूडी के अंतर्गत है और बाकी सभी सड़कें एमसीडी, डीडीए, एनडीएमसी व एनएचएआई आदि के पास हैं। इन 1400 किलोमीटर सड़कों को मजबूत और बनाए रखने की जिम्मेदारी पीडब्ल्यूडी की है और हम सड़कों को बेहतर बनाकर दिल्ली वालो को अवरोध मुक्त सड़क देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सिसोदिया ने कहा कि इस बाबत पीडब्ल्यूडी के उच्चाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि पीडब्ल्यूडी के अंतर्गत आने वाली सड़कों का संबंधित डिवीजनल/ एग्जीक्यूटिव इंजिनियर द्वारा तुरंत निरीक्षण किया जाए और सभी गड्ढों की मरम्मत और सड़क पर किसी भी अन्य बाधाओं को एक सप्ताह के भीतर समयबद्ध तरीके से दूर किया जाए।

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SE

millenniumpost
NEW DELHI | SATURDAY, 15 OCTOBER, 2022

# Sisodia to PWD officials: Identify & repair all roads

**OUR CORRESPONDENT**

**NEW DELHI:** Deputy Chief Minister Manish Sisodia on Friday directed PWD officials to immediately identify and repair all roads and make them pothole-free within a week, an official statement said.

The statement said rains in the past two weeks have caused much damage to the roads in the capital.

To ensure that inconvenience is not caused to the people, the PWD will begin the maintenance work immediately, it said.

"PWD officers should inspect all the roads under their jurisdiction and get them repaired promptly as per the need. Status report must be submitted within a week.

"Under the leadership of CM Arvind Kejriwal, we are committed to providing strong, beautiful and safe roads to the people of Delhi," the statement quoting Sisodia said.

Heavy rainfall has occurred in the past two weeks in Delhi which has caused much damage to roads here, Sisodia said, adding that this condition has led to inconvenience to the commuters.

Taking cognisance of the situation, the government has directed PWD officials to get the roads under their jurisdiction repaired and pothole-free within a week, the statement said. About 1,400 km of roads in Delhi are under PWD, whereas other roads are with other agencies such as the Municipal Corporation of Delhi, Delhi Development Authority among others.


"Senior officials of PWD have been directed to get the roads inspected under PWD's jurisdiction immediately by the concerned divisional or executive engineers and repair all potholes on the road within a week.

"Along with this, they have also been instructed to submit the status report of this work within a week," Sisodia said in the statement.

the pioneer
NEW DELHI | SATURDAY | OCTOBER 15, 2022

# Govt to make Delhi pothole-free: Sisodia

**STAFF REPORTER** ■ NEW DELHI



Delhi Deputy Chief Minister Manish Sisodia on Friday said that the city Government will make all roads under PWD pothole-free in the national Capital, within a week.

Incessant rains in the past two weeks have caused much damage to the roads in the capital, with potholes at several parts if the city posing a danger to people and commuters.

Sisodia said that to avoid any inconvenience to the commuters in Delhi, the Government has decided to get all the roads free from potholes soon. Sisodia has also directed the top officials of PWD to inspect all the roads under their jurisdiction immediately and get them repaired as soon as possible.

"Along with this, the PWD Minister has also directed the officials to submit the status report of the road maintenance works within a week," said a senior PWD official.

"Delhi has witnessed heavy rainfall in the past two weeks, which has caused much damage to the roads across the capital. This is leading to inconvenience to the commuters. Taking cognizance of the situation, the government has directed the PWD officials to get the roads under their jurisdiction repaired and pothole free within a week," said Sisodia.

"About 1400 km of roads in Delhi are under PWD, whereas other roads are with MCD/ DDA/ NDMC/ NHAI etc. Thus, it is the responsibility of PWD to strengthen and maintain these 1400 km of roads regularly. The Delhi Government is committed to providing pothole-free roads to the people of Delhi with regular maintenance work," said Sisodia.

amarujala.com
शनिवार, 15 अक्तूबर 2022

# हफ्तेभर में सड़कें होंगी गड्ढा मुक्त

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली में बीते दिन आई बारिश से खराब हुई सड़कों को हफ्ते भर में मरम्मत कर दी जाएगी। टूटी सड़कों के कारण लोगों को काफी परेशानी हो रही है। इसे देखते हुए दिल्ली सरकार ने निर्णय लिया है कि जल्द से जल्द सड़कों को गड्ढा-मुक्त किया जाए।

उपमुख्यमंत्री व पीडब्ल्यूडी मंत्री मनीष सिसोदिया ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को अपने जोन के अंतर्गत आने वाली सभी सड़कों का निरीक्षण करने व मरम्मत करवाने का आदेश दिया। साथ ही एक सप्ताह के भीतर

**पीडब्ल्यूडी मंत्री मनीष सिसोदिया ने दिए अधिकारियों को निर्देश**

स्टेटस रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया गया है।

इस मौके पर मनीष सिसोदिया ने कहा कि पिछले दो हफ्ते में हुई बारिश के कारण सड़कों को काफी नुकसान हुआ हैं। कई जगहों पर गड्ढे हो गए हैं जिससे जनता को आवाजाही में असुविधा हो रही है। इसके मद्देनजर दिल्ली सरकार ने फैसला लिया है पीडब्ल्यूडी की सभी सड़कों को गड्ढा मुक्त बनाया जाए।

## 1400 किमी है सड़कें

मनीष सिसोदिया ने कहा कि दिल्ली में करीब 1400 किमी सड़क का विस्तार पीडब्ल्यूडी के अंतर्गत है और बाकी सभी सड़कें एमसीडी, डीडीए, एनडीएमसी, एनएचएआई व अन्य के पास हैं। ऐसे में इन 1400 किलोमीटर सड़कों को मजबूत और बनाए रखने की जिम्मेदारी पीडब्ल्यूडी की है। उन्होंने सभी संबंधित डिवीजनल-एग्जीक्यूटिव इंजीनियर को निरीक्षण करने का आदेश दिया है।

**DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY**
**LIBRARY**

राष्ट्रीय सहारा नई दिल्ली। रविवार • 16 अक्टूबर • 2022



भलस्वा झील का निरीक्षण करते उपजराज्यपाल वीके सक्सेना। फोटो : एसएनबी

# दिजबो की कार्यशैली पर बिफरे उपराज्यपाल

## भलस्वा झील के निरीक्षण के दौरान गंदगी देख जताई नाराजगी

**नई दिल्ली (एसएनबी)।** राजधानी में छठ पूजा को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने शनिवार को भलस्वा झील का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के अधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर झील के किनारों को साफ करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही पूरी तरह से झील की सफाई के लिए दिल्ली जल बोर्ड को इस साल दिसम्बर तक का समय दिया है। खास बात यह है कि निरीक्षण के दौरान उपराज्यपाल ने दिल्ली जल बोर्ड की कार्यशैली को लेकर नाराजगी जताई। इस मौके पर डीडीए उपाध्यक्ष, दिल्ली नगर निगम के विशेष अधिकारी, दिल्ली जल बोर्ड के सीईओ समेत अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद थे। साफ-सफाई को लेकर एलजी मिशन मोड में दिखे।

दिल्ली के उत्तर-पश्चिम इलाके में स्थित भलस्वा झील का निरीक्षण करने पहुंचे उपराज्यपाल ने वहां की खस्ताहाल स्थिति को देखकर नाराजगी जताई। उन्होंने इस झील को दिल्ली की अमूल्य संपत्ति बताते हुए कहा कि इसके रखरखाव की जिम्मेदारी दिल्ली जल बोर्ड की है। दरअसल डीडीए ने झील को विकसित करने के बाद वर्ष 2019 में दिल्ली जल बोर्ड को सौंप दी थी। जानकारों की मानें तो झील के किनारों पर गंदगी का अंबार जमा था। झील के किनारों पर भारी गंदगी जमा थी और मच्छर पैदा हो गए हैं। झील के किनारों की गंदगी को देखकर उपराज्यपाल ने नाराजगी व्यक्त करते हुए इसे तत्काल साफ करने को कहा। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि मूल रूप से झील क्षेत्रफल 59 हेक्टेयर है, लेकिन झील के किनारों पर गाद जमा होने की वजह से झील मात्र 34 हेक्टेयर में सिकुड़कर रह गई है। इसके लिए दिल्ली जल बोर्ड जिम्मेदार है। दिल्ली जल बोर्ड की नाकामी की वजह से झील के रखरखाव का काम फिर डीडीए को सौंप दिया गया है। डीडीए ने पिछले महीने ही झील के रख-रखाव का काम शुरू किया है।

**दिसम्बर, तक झील के कायाकल्प एवं लंबित प्रोजेक्ट पूरे करने के निर्देश**

**छठ पूजा के लिए सप्ताह भर में किनारों की साफ-सफाई करे डीडीए**

उपराज्यपाल ने छठ पूजा की तैयारियों को लेकर अधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर किनारों की सफाई के निर्देश देते हुए कहा कि झील का पूरी तरह कायाकल्प किया जाए। इसके लिए दिसम्बर तक का समय दिया है। इसमें झील का जीर्णोद्धार, भलस्वा डेयरी से कचरे की सफाई, सीवरेज से निकलने वाले गंदे पानी को नाले तक ले जाने के लिए कॉकरीट की नाली बनाने का कार्य शामिल है। अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली नगर निगम नरेला में एक प्रोजेक्ट पर काम कर रहा है। भलस्वा डेयरी भैंसों के गोबर को ले जाकर मिथेन गैस का उत्पादन शुरू किया जाएगा। झील के किनारों पर दिल्ली पर्यटन विभाग की नाव खड़ी है, लेकिन उनके रखरखाव की की कोई व्यवस्था नहीं है। स्थिति यह थी कि नावों में भी गंदा पानी भरा था, जिसमें डेंगू मच्छर पैदा हो गए हैं। एलजी ने इसकी साफ-सफाई के भी निर्देश दिए हैं।

# सड़क पर बने गड्ढे में डूबने से किशोर की मौत

**नई दिल्ली (एसएनबी)।** दक्षिण-पूर्वी दिल्ली में शुक्रवार को एक बार फिर गड्ढे में भरे पानी में डूबने से एक किशोर की मौत हो गई। यह गड्ढा नेशनल हाइवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया की सड़क पर बना हुआ था। मामले की सूचना मिलने के बाद कालिंदी कुंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू किया गया। देर रात किशोर को ढूंढकर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कालिंदी कुंज थाना पुलिस ने मामले की छानबीन कर रही है।

**किशोर 14 अक्टूबर की शाम गड्ढे में गया था नहाने**

**गोताखोरों ने किशोर के शव को किया बरामद**

पुलिस अधिकारी ने बताया कि 15 वर्षीय सत्यम झा अपने परिवार के साथ कालिंदी कुंज के सौरभ विहार इलाके में रहता था। 14 अक्टूबर की शाम को सत्यम अपने दोस्तों के साथ एनएचएआई की साइट के पास बने गड्ढे में नहाने के लिए गया था। नहाते हुए वह गड्ढे में डूबने लगा। इसके बाद वहां मौजूद लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। मौके पर कालिंदी कुंज थाना पुलिस, वोट क्लब और अन्य एजेंसियां मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू किया गया।

करीब एक घंटे में गोताखोरों ने किशोर के शव को गड्ढे से बरामद कर दिया। हादसा दिल्ली-मुंबई हाइवे पर हुआ है। जैतपुर के पास एनएचएआई का काम चल रहा है। यहां जगह-जगह पर गड्ढे बने हुए हैं। गत दिनों हुई बारिश के चलते इन गड्ढों में पानी भरा हुआ है। इन गड्ढों में बच्चे नहाने के लिए आते रहते हैं। शुक्रवार को भी बच्चे नहाने के लिए आए थे, जहां हादसा हो गया। उधर, वृहस्पतिवार शाम पुल प्रहलादपुर इलाके में डीडीए की जमीन पर बने गड्ढे में तीन किशोरों की डूबकर मौत हो गई थी।

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

millenniumpost
NAME OF NEWSPAPER NEW DELHI | SUNDAY, 16 OCTOBER, 2022 DATED

# L-G V K Saxena directs DDA to clean banks of Bhalswa lake within a week for Chhath Puja

**OUR CORRESPONDENT**

**NEW DELHI:** Delhi L-G V K Saxena on Saturday directed the DDA to clean the banks of the Bhalswa lake within a week for Chhath Puja, while flagging the "pathetic state" of its maintenance by the Delhi Jal Board (DJB), officials said.

The L-G expressed "shock" at the fact that a water body, so critical to the environment and aesthetics of the national capital, had been "left to die" with its original 59 Ha. area getting squeezed to a mere 34 Ha. due to deposition of silt and garbage owing to inaction and neglect by agencies concerned, they said.

The work of restoring and rejuvenating the lake had been handed over to the DJB by the DDA in May, 2019.

"However, owing to complete failure on part of the DJB to fulfil the required works, the DDA had only last month reassumed the task of the lake's upkeep," an official said.

Saxena described the lake as an invaluable asset for Delhi and expressed "deep disappointment" at the "sordid" and "pathetic" state of maintenance and upkeep of the lake by DJB.

He directed the Delhi Development Authority (DDA) to immediately undertake the cleaning of the banks of the lake in preparation for the forthcoming Chhath festival and instructed all stakeholder agencies to parallelly start work



Delhi L-G V K Saxena

on the complete restoration and rejuvenation of the lake in a mission mode.

He issued specific directions to the DDA to complete the works of cleaning of the periphery of the lake for the benefit of people performing Chhath Puja within a week and asked for the boundary wall segregating the lake from the neighbouring Bhalswa Dairy on the western periphery of the lake within a month.

He directed that the visible islands of silt, sludge, dung and garbage encroaching the lake to be dredged and removed by December.

Another critical aspect of rejuvenation and restoration of the lake was construction of a Precast RCC Drain and pipeline for segregating the waste from the dairy and carrying the sewerage to the supplementary drain across the lake, the official said.

The contract for its construction was awarded by the DJB in January this year, with a completion period of four months. However, the same had yet not been completed. The LG asked for the works in this regard to be fully completed by December this year.

The L-G was informed that the Municipal Corporation of Delhi (MCD) was working upon a project in Narela, where cow dung from the Bhalswa Dairy will be carried for bio methanation against payments to the dairy owners. He instructed that it should be completed at the earliest.

On an onsite inspection of the lake's periphery, the LG saw Boats and Floats owned by Delhi Tourism dumped on the jetty/docking site amidst filthy and stinking stagnant larvae-ridden water.

THE HINDU Sunday, October 16, 2022
DELHI

# Clean Bhalswa lake for Chhath Puja: L-G

**The Hindu Bureau**
NEW DELHI

**L-G expressed 'deep disappointment' at the lake's 'pathetic state of maintenance' by the DJB**

Lieutenant-Governor Vinay Kumar Saxena on Saturday issued orders to the Delhi Development Authority (DDA) to immediately undertake the cleaning of the banks of the Bhalswa lake here for the upcoming Chhath Puja.

He instructed all stakeholder agencies to start work on "complete restoration and rejuvenation" of the lake on a mission mode.

Terming the lake, located in north-west Delhi, an invaluable asset for the Capital, Mr. Saxena expressed "deep disappointment" at its "sordid and pathetic state of maintenance" by the Delhi Jal Board, which is the designated agency in-charge for its rejuvenation since May 2019, Raj Niwas said.

The L-G also asked for a boundary wall to segregate the lake from the neighbouring Bhalswa Dairy within a month.

दैनिक भास्कर

# डीडीए भलस्वा झील के तट की सफाई एक हफ्ते में होगी

भास्कर न्यूज़|नई दिल्ली

दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने शनिवार को उत्तर-पश्चिम दिल्ली में भलस्वा झील का दौरा किया। इस अवसर पर डीडीए के वीसी, प्रमुख अधिकारी, एमसीडी के विशेष अधिकारी, सीईओ जल बोर्ड और संबंधित विभागों एजेंसियों के अन्य अधिकारी उपस्थिति में उपराज्यपाल ने डीडीए के अधिकारियों को दिसंबर, 2022 तक भलस्वा झील में पानी की पूर्ण व्यवस्था कर और भलस्वा झील का कायाकल्प कर सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। सक्सेना ने भलस्वा झील के कायाकल्प के लिए नामित एजेंसी प्रभारी दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) द्वारा झील के रखरखाव की दयनीय स्थिति पर गहरी निराशा व्यक्त की। उन्होंने दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) को आगामी छठ उत्सव की तैयारी के लिए झील के किनारों की सफाई तुरंत करने का निर्देश दिया और सभी हितधारक एजेंसियों को झील के पूर्ण जीर्णोद्धार और कायाकल्प पर समानांतर रूप से एक मिशन मोड में काम शुरू करने का निर्देश दिया। **झील के दुर्दशा पर अधिकारियों को फटकार:** उपराज्यपाल ने झील की दुर्दशा पर संबधित अधिकारियों की जमकर फटकार लगाई। उपराज्यपाल ने कहा कि दिल्ली के लिए पर्यावरण, सौंदर्य, भ्रमण स्थल के लिए अति महत्वपूर्ण झील भलस्वा पानी के आभाव में मूल क्षेत्र 59 हेक्टेयर से सिकुड़कर मात्र 34 हेक्टेयर रह गया है।

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

16 अक्तूबर, 2022
पंजाब केसरी
DELHI

--DATED--

पर्यावरण विभाग ने अलग-अलग स्थानों पर अब तक लगाया है 16 लाख का जुर्माना

# वायु प्रदूषण के खिलाफ दिल्ली सरकार सख्ती दिखाते हुए अब तक काटे 1508 चालान

कौशल शर्मा

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): सर्दी के दस्तक देते ही राजधानी दिल्ली में हर साल की तरह इस बार भी वायु प्रदूषण का खतरा मंडराने लगा है। इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए दिल्ली सरकार ने प्रदूषण करने वाले कारकों को नियंत्रित करना शुरू कर दिया है। इसके तहत दिल्ली सरकार ने वायु प्रदूषण पर लगाम लगाने के लिए कई अभियान शुरू कर उस पर नकेल कसने लगी है। इस अभियान के तहत दिल्ली सरकार के पर्यावरण विभाग ने 12 अक्टूबर तक 1508 चालान काट चुके हैं। इसके साथ ही दिल्ली सरकार ने नियम तोड़ने वाले कई प्रतिष्ठानों, संस्थानों व कंस्ट्रक्शन साइटों पर 16 लाख का चालान काट चुकी है। बता दें कि वायु प्रदूषण पर नियंत्रण को लेकर दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने गत 6 अक्टूबर से एंटी डस्ट अभियान शुरू किया है, जो पूरे एक महीने 6 नवंबर तक चलाया जाएगा। इस अभियान को सफल बनाने के लिए 586 टीमों का गठन किया गया है। कंस्ट्रक्शन साइटों पर नियम उल्लंघन होने पर एनजीटी की गाइडलाइन के मुताबिक 10 हजार से 5 लाख रुपए तक जुर्माना भी लगाया जाएगा। गोपाल राय ने बताया है कि एंटी डस्ट कैंपेन के लिए 586 टीमों का गठन किया है, जिसमें 12 सम्बंधित विभागों की टीम शामिल है। इसमें डीपीसीसी की 33 टीम, राजस्व विभाग की 165 टीम, एमसीडी की 300 टीम डीएसआईआईडीसी की 20 टीम, दिल्ली जल बोर्ड की 14 टीम, डीडीए की 33 टीम, दिल्ली मेट्रो की 3 टीम, सीपीडब्लूडी की 6 टीम, पीडब्लूडी की 6 टीम, एनडीएमसी की 1 टीम, दिल्ली कैंटोनमेंट बोर्ड की 4 टीम और एनएचएआई की 1 टीम शामिल हैं।



## कल से नरेला-बुरारी से बायो डी-कंपोजर का छिड़काव अभियान

केजरीवाल सरकार दिल्ली में सोमवार (कल से) पराली को गलाने के लिए बायो डी-कंपोजर का छिड़काव अभियान की शुरुआत कर सकती है। इस अभियान की शुरुआत पिछली बार की तरह नरेला विधानसभा या बुरारी विधानसभा से किया जाएगा। इसे लेकर उच्च पदाधिकारियों, पुसा के वैज्ञानिक व किसानों की बैठक रविवार (आज) दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय के साथ होना है। इस बैठक में इस अभियान का पूरा रूप रेखा तैयार होगा। गोपाल राय ने कहा है कि पिछले दो वर्षों से हमने दिल्ली के खेतों में पराली गलाने के लिए पूसा बायो-डीकंपोजर का मुफ्त में सफलता पूर्वक छिड़काव किया है, जिसका सकारात्मक प्रभाव रहा है।

## 12 विभागों की 586 टीमें लगातार कर रही कैंपेनः गोपाल राय

दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने बताया कि संबंधित 12 विभागों की 586 टीमें पूरी दिल्ली में लगातार कैंपेन कर रही है। इस दौरान नियम तोड़ने वालों के खिलाफ कार्यवाही कर उस पर जुर्माना भी लगा रही है। उन्होंने बताया कि 12 अक्टूबर तक कुल 1508 चालान काटे गए हैं।

छठ पर्व को लेकर एक सप्ताह के भीतर भलस्वा झील के किनारों की सफाई के निर्देश

# गंदगी देख एलजी ने नाक पर रखा रुमाल

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): उपराज्यपाल विनय सक्सेना ने शनिवार को भलस्वा झील का मुआयना किया। मौके पर गंदगी देखकर वे अपनी नाक पर रुमाल रखकर अफसरों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने दिल्ली जल बोर्ड को सौंपे गए इसके रखरखाव, जीर्णोद्धार और कायाकल्प कार्यों को लेकर निराशा जाहिर की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आगामी दिसंबर माह तक यहां जल निकाय की पूर्ण बहाली और कायाकल्प को सुनिश्चित किया जाए। साथ ही डीडीए को भी निर्देश दिया कि एक सप्ताह के भीतर झील के किनारों की सफाई कर इसे छठ पूजा के लिए तैयार किया जाए।



भलस्वा झील का मुआयना करने पहुंचे उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने इस झील को राजधानी के लिए एक अमूल्य संपत्ति बताया। उन्होंने झील के कायाकल्प के लिए मई 2019 से नामित एजेंसी दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) द्वारा इसके रखरखाव की खराब और दयनीय स्थिति पर निराशा जताई। उन्होंने इस बात पर हैरानी जताई कि 59 हेक्टेयर में फैले इस जल निकाय को बेकार होने के लिए छोड़ दिया गया जो राष्ट्रीय राजधानी के पर्यावरण के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। संबंधित एजेंसियों की उपेक्षा के चलते गाद और कचरा जमा होने से यह क्षेत्र सिकुड़ कर अब केवल 34 हेक्टेयर रह गया है। इस अवसर पर दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) उपाध्यक्ष, निगम के विशेष अधिकारी, दिल्ली जलबोर्ड के सीईओ सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। उन्होंने डीडीए अधिकारियों को झील के किनारों की सफाई तुरंत करने का निर्देश दिया ताकि वहां पर छठ पूजा हो सके। उन्होंने झील के पश्चिमी किनारे में [illegible] करने को कहा ताकि उसे भलस्वा डेरी क्षेत्र से अलग किया जा सके। इसके साथ ही उन्होंने झील पर अतिक्रमण करने वाले गाद, कीचड़, गोबर और कचरे को आगामी दिसंबर माह तक हटाने के निर्देश दिए हैं। उपराज्यपाल को बताया गया कि नरेला में निगम द्वारा किये जा रहे काम में गोबर का इस्तेमाल किया जाएगा। उन्होंने इसे जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उपराज्यपाल ने सभी हितधारक एजेंसियों को झील के पूर्ण जीर्णोद्धार और कायाकल्प पर तालमेल के साथ काम करने का निर्देश दिया।

**DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY**
**LIBRARY**
**PRESS CLIPPING SERVICE**

sunday pioneer ----------DATED----------
NEW DELHI | SUNDAY | OCTOBER 16, 2022

# Clean Bhalswa Lake banks for Chhath: LG

## Saxena slams DJB for its poor upkeep

STAFF REPORTER ■ NEW DELHI





Delhi Lieutenant Governor Vinai Kumar Saxena on Saturday expressed deep disappointment at the sordid and pathetic state of maintenance and upkeep of the lake by Delhi Jal Board (DJB), the designated agency in-charge for rejuvenation of the Bhalswa lake since May, 2019. The Lt Governor has directed the Delhi Development Authority (DDA) to clean the banks of the lake within a week for the forthcoming Chhath Puja.

This move came after the L-G conducted an on-site inspection at Bhalswa lake on Saturday.

According to the statement released by the Raj Niwas, the L-G instructed all stakeholder agencies to parallelly start work on the complete restoration and rejuvenation of the lake in a mission mode.

"Saxena expressed shock at the fact that a Water Body, so critical to the environment and aesthetics of Delhi, had been left to die with its original 59 Ha. area getting squeezed to a mere 34 Ha. due to deposition of silt and garbage owing to inaction and neglect by agencies concerned," it read.

"The L-G issued specific directions to DDA to complete the works of cleaning the periphery of the lake for the benefit of people performing Chhath Puja within a week and asked for the boundary wall segregating the lake from the neighboring Bhalswa Dairy on the Western periphery of the lake within a month," it said. Dismayed at the visible islands of silt, sludge, dung, and garbage encroaching the lake, the LG directed for these to be dredged and removed by December 2022," the statement said. "Another critical aspect of rejuvenation and restoration of the lake was the construction of a Precast RCC Drain and pipeline for segregating the waste from the Dairy and carrying the sewerage to the supplementary drain across the lake. The work was supposed to be completed by April 2022, by the DJB but it was pending to date. The L-G directed the officials to complete the work by December 2022," it said. Saxena also instructed that the work of a project in Narela by the Municipal Corporation of Delhi (MCD), where cow dung from the Bhalswa Dairy will be carried for bio methanation against payments to the Dairy owners should be completed at earliest, it stated.

During the inspection, Saxena also witnessed Boats and Floats owned by Delhi Tourism dumped haphazardly on the jetty/docking site amidst filthy and stinking stagnant larvae ridden water resulting in breeding for various vector borne diseases, including Dengue, and issued instructions for the dumped to be cleared and cleaned, the statement read.

Many senior dignitaries including, Vice Chairman, DDA, Manish Kumar Gupta, Special Officer of the MCD, Ashwini Kumar and other officials from the departments/agencies concerned were present.

millenniumpost
MONDAY, 17 OCTOBER, 2022 | NEW DELHI

# Teenager dies after drowning in pothole

OUR CORRESPONDENT

**NEW DELHI:** A teenager died in southeast Delhi on Friday after he drowned in a pothole. This pothole was on a road under the National Highway Authority of India (NHAI). The police reached the spot after getting information about the matter. Later, the rescue operation was started to save the juvenile.

Late in the night, the teenager was found unconscious and rushed to the hospital where the doctors declared the teenager brought dead. The body has been handed over to the relatives after post-mortem. Kalindi Kunj police station has started an investigation into the matter.

A police officer said that 15-year-old Satyam Jha lived with his family in the Saurabh Vihar area of Kalindikunj. On the evening of October 14, Satyam along with his friends had gone to take bath in a pit near the NHAI site. While taking bath, the teenager started drowning in the pit, after which the people present there informed the police about the matter. After getting the information, Kalindikunj police, boat club and other agencies reached the spot.

Rescue work was started to save the juvenile. In about an hour, divers recovered the juvenile's body from the pit in an unconscious condition. He was rushed to AIIMS Hospital with the help of CAT's ambulance, where doctors declared him brought dead. After this, the police took possession of the dead body and investigated the matter.

The police investigation has revealed that the incident happened on the Delhi-Mumbai highway where NHAI work is going on near Jaitpur. There are some potholes in places, due to the rain in Delhi in the last few days, these pits were filled with water. In such a situation, children keep coming to take bath in these pits.

On Friday also the children had come to take a bath when the accident took place.

On Thursday evening, three teenagers drowned in a ditch built on DDA land in the Pulprahladpur area. In that case, the police handed over the bodies of the three to the relatives after conducting the post-mortem.

**DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY**
**LIBRARY**
**PRESS CLIPPING SERVICE**

amarujala.com | नई दिल्ली | सोमवार, 17 अक्तूबर 2022 | 6

# अरावली, नीला हौज, उत्तरी रिज में बढ़ी तितलियों की संख्या

## सात जैव विविधता पार्क में किए गए मूल्यांकन में हुआ खुलासा

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली के जैव विविधता पार्कों में तितलियों की मौजूदगी बढ़ी है। दिल्ली विकास प्राधिकरण(डीडीए) के अरावली, नीला हौज और उत्तरी रिज में बीते छह सालों में तितलियों की सबसे अधिक संख्या दर्ज हुई है। यह बात एक सप्ताह तक दिल्ली के सात जैव विविधता पार्कों में किए गए अध्ययन में सामने आई है। इससे पर्यावरण प्रेमियों में खासा उत्साह है।

सात पार्कों में किए गए मूल्यांकन में तितली के पांच परिवारों की 76 प्रजातियों की 5922 तितलियों की मौजूदगी दर्ज हुई है। इनमें सबसे अधिक दस प्रजातियां में धब्बेदार उत्प्रवासी, सामान्य उत्प्रवासी, प्लेन टाइगर, पीला नारंगी टिप, कॉमन ग्रास यलो, स्ट्राइप्ड टाइगर,स्मॉल ग्रास यलो , लेमन पैंसी, लाइम बटरफ्लाई और कॉमन गल है। हालांकि, सबसे प्रतिष्ठित प्रजातियों में कॉमन शॉट सिल्वरलाइन, पेंटेड लेडी, कॉमन रोज, ब्लू टाइगर, इंडियन स्कीपर और परनारा स्विफ्ट है। अरावली जैव विविधता पार्क में सर्वाधिक 68 प्रजातियां पाई गई हैं। इसके बाद नीला हौज में 28 और उत्तरी रिज में 59 प्रजातियां मिली हैं, जबकि कालिंदी जैव विविधता पार्क में सबसे कम 12 प्रजातियां पाई गई हैं।

### दिल्ली में तितलियों के दो तरह के आवास क्षेत्र

दिल्ली में तितलियों के दो तरह के आवास क्षेत्र हैं। इसमें शुष्क जेरोफाइटिक अरावली रिज और मेसोफाइटिक यमुना बाढ़ के मैदान परिभाषित क्षेत्र हैं। तितलियां पारिस्थितिक प्रक्रिया यानी परागण में भाग लेने वाली प्रमुख जीव हैं, जिसके बिना मानव जीवन असंभव है। जो आवास महत्वपूर्ण हैं और जिन्हें संरक्षित करने की आवश्यकता है, तितलियां संकेतक के रूप में भी कार्य करती हैं। स्थानीय जलवायु में भिन्नता का संकेत भी देती हैं।



**इस तरह किया गया अध्ययन :** दिल्ली के यमुना, अरावली, तिलपथ घाटी, उत्तरी रिज, नीला हौज, तुगलकाबाद और कालिंदी जैव विविधता में 10 से 16 अक्तूबर तक तितलियों की प्रजातियों की आबादी और आवास को लेकर मूल्यांकन किया गया था। तितलियों को गिनने के लिए फोटोग्राफी और दस्तावेजों की मदद ली गई। इस दौरान पाया गया कि तितलियां सुबह 10:30 बजे के बाद पारा 24 डिग्री सेल्सियस से अधिक होने पर सक्रिय हुई। इस दौरान तितलियों को धूप सेंकते और कीचड़ के आसपास पाया गया। डीडीए जैव विविधता पार्कों में विकसित आवास में तितलियों के लार्वा और अंडे भी देखे गए।

अमर उजाला रविवार, 16 अक्तूबर 2022

# हफ्तेभर में झीलों की सफाई करे डीडीए : उपराज्यपाल

अमर उजाला ब्यूरो



एलजी ने भलस्वा झील का दौरा किया

**नई दिल्ली।** उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने डीडीए को हफ्तेभर में सभी झीलों को छठ पूजा के लिए तैयार करने के लिए कहा है। उन्होंने शनिवार को उत्तर पश्चिम दिल्ली स्थित भलस्वा झील का दौरा किया।

झील के कायाकल्प के लिए नोडल एजेंसी दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) के रखरखाव की खराब व दयनीय स्थिति पर गहरी निराशा व्यक्त की। सक्सेना ने इस झील को राजधानी की एक अमूल्य संपत्ति बताया। डीडीए को दिसंबर तक इसकी दशा सुधारने के लिए कहा।

उन्होंने सभी एजेंसियों को छठ तालाबों की सफाई और कायाकल्प पर मिशन मोड में काम शुरू करने का निर्देश दिया। एलजी ने इस बात पर आश्चर्य जताया कि 59 हेक्टेयर में फैली फलस्वा झील राष्ट्रीय राजधानी में पर्यावरण और सौंदर्यशास्त्र के लिहाज से बहुत महत्वपूर्ण है। लेकिन इसे मरने के लिए छोड़ दिया गया है। इस झील का क्षेत्रफल सिकुड़ कर करीब 34 हेक्टेयर क्षेत्रफल रह गया है। मौजूदा समय यह झील गाद और कचरे से भरी है। डीडीए ने मई 2019 में झील के जीर्णोद्धार और कायाकल्प का काम दिल्ली जल बोर्ड को सौंप दिया था। लेकिन दिल्ली जल बोर्ड अपनी जिम्मेदारियों को पूरा करने में पूरी तरह नाकाम रहा, फिर पिछले महीने डीडीए ने इसे अपने अधीन ले लिया और इसकी सफाई का काम शुरू किया है। झील में गिरने वाले डेयरी से निकलने वाले नाले को अलग करने व इसे झील की दूसरी तरफ स्थित बड़े नाले में मिलाने के लिए आरसीसी ड्रेन और पाइपलाइन का निर्माण करने की जिम्मेदारी दिल्ली जल बोर्ड को दी गई थी। एलजी ने अब डीडीए को दिसंबर तक यह सारा काम पूरा करने के लिए कहा है। एलजी के दौरे में डीडीए के उपाध्यक्ष, एमसीडी के विशेष अधिकारी, दिल्ली जल बोर्ड के सीईओ और संबंधित विभागों के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।